Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 18-05-2006

Participants : Patil Adv. Tukaram Ganpatrao Renge

>

Title : Need to conduct a CBI inquiry into the alleged irregularities committed by Power Grid Corporation in tender procedure for setting up 765 K.V. project in Maharashtra.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) : महोदय, सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान देश में बिजली की कमी की ओर दिलाना चाहता हूं, जिसके कारण हमारे देश के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पॉवर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि0 द्वारा देश में बिजली की कमी को दूर करने हेतु 765 के0वी0 प्रोजेक्ट के कार्य का टेंडर हुआ और पॉवर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया के अधिकारी जिस फर्म को टेंडर देना चाहते थे उनको टेंडर नहीं मिला तो उन्होंने इस टेंडर प्रक्रिया को ही समाप्त कर दिया। एशियन डेवलपमेंट बैंक जो इस प्रोजेक्ट के लिए पैसा दे रहा था, उसने अफसरों द्वारा उठाये गये कदम पर एतराज किया और नियमों के अनुरूप टेंडर प्रक्रिया नहीं अपनाने के कारण धन देने से मना कर दिया जिसके कारण उक्त प्रोजेक्ट शुरू नहीं हो सका।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इसकी जांच सी.बी.आई से करवायी जाये।